नाथूलाल वगै0 बनाम केदारलाल वगै0

प्रकरण संख्या 73 / 2013

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 12.02.2024 | पत्रावली पेश हुई । वकील उभयपक्ष उपस्थित । वकील उभयपक्ष को सुना गया । इस अपील के मूल निर्णय प्रकरण संख्या205 / 1976 निर्णय दिनांक 14.10.2010 की अपील बद्रीलाल के कायम मुकामान द्वारा माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में अपील संख्या एल आर 2016 / 4126 उनवान केदारमल बनाम सरकार जये तहसीलदार पीपल्दा प्रस्तुत की जानी से माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा उपखण्ड अधिकारी एवं प्राधिकृत अधिकारी सीलिंग इटावा की पत्रावा की पत्रावली संख्या 205 / 1976 (मूल सीलिंग प्रकरण) मय प्रा0नपत्र संख्या 7 / 2002 कुल किता–298 पत्रावली चाही गई जो इस न्यायालय की अपील में तलब की गई थी, को इस न्यायालय के पत्रांक / 1016 दिनांक 24.5.2017 से माननीय राजस्व मण्डल अजमेर को भिजवाई जा चुकी है । राजस्व मण्डल अजमेर से निर्णय होना शेष है ।<br>अतः इस न्यायालय में प्रस्तुत अपील में वादग्रस्त भूमि के सम्बन्ध में अपर न्यायालय माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में अपील संख्या एल आर 2016 / 4126 उनवान केदारमल बनाम सरकार विचाराधीन है, तो इस न्यायालय में विचाराधीन इस अपील पत्रावली को बिना कोई कार्यवाही के चलाने का कोई औचित्य नहीं है । ऐसी स्थिति में इस अपील को इसी स्तर पर निर्णित किया जाकर दाखिल दफ्तर किया जाना उचित होगा । माननीय राजस्व मण्डल अजमेर से निर्णय के अनुरूप कार्यवाही की जावें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावें । बाद तामिल तकमिल दाखिल दफ्तर हो । | |
| जिला कलक्टर<br>कोटा | | |